एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे 52 करोड़ पौधे

- पीएम मोदी ने पांच जून को की थी इस अभियान की शुरुआत
- केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दी यह जानकारी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : जलवायु परिवर्तन जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों से धरती को बचाने के लिए देश में 'एक पेड़ मां के नाम' से शुरू पौधारोपण अभियान को बड़ी सफलता मिली है। अभियान के तहत देश में अब तक करीब 52 करोड़ पौधे रोपे जा चुके हैं। यह अभियान इस माह तक चलेगा। अभियान के तहत इस साल 80 करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के दिन यानी पांच जून को अभियान की शुरुआत की थी। पीएम ने भी एक पौधा रोपा था। यह अभियान सभी राज्यों में पूरे जोर-शोर से चला। अपनी मां की याद में लोगों ने पौधारोपण अभियान में जमकर हिस्सा लिया। यही वजह है कि तीन महीने में ही देश भर में 52 करोड़ पौधे रोपे गए। अभियान में केंद्र व राज्य सरकारों के साथ ही सामाजिक संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर मंगलवार को यह जानकारी दी।

इस बार विश्व पर्यावरण दिवस की थीम भूमि क्षरण को रोकना, सूखे से निपटने की क्षमता विकसित करना और मरूस्थलीकरण को रोकना आदि मुख्य उद्देश्य हैं।

140 करोड़ पौधे रोपने की योजना

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत इस वर्ष सितंबर तक 80 करोड़ और मार्च 2025 तक कुल 140 करोड़ पौधे लगाने की योजना है। केंद्र और राज्य सरकारों से इसमें हिस्सा लेने को कहा गया है। अभियान के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों के जुड़ाव को बढ़ाने के लिए संस्थाओं, संगठनों व समुदाय आधारित संगठनों व स्थानीय निकायों से भी शामिल होने का कहा गया है। अभियान में मुख्य ध्यान इस बात भी दिया गया है कि जो भी पौधे लगाए जाए, उन्हें जिंदा भी रखा जाए और उनकी देखभाल भी की जाए।

किस राज्य में कितने पौधे रोपे गए

उत्तर प्रदेश	14.98 करोड़
तेलंगाना	6.14 करोड़
मध्य प्रदेश	2.49 करोड़
छत्तीसगढ	1.94 करोड़
बिहार	1.03 करोड़
उत्तराखंड	79 लाख
असम	80 लाख
कर्नाटक	38.53 लाख
पंजाब	78.82 लाख
आंध्र प्रदेश	71.59 लाख
दिल्ली	1.70 लाख
तमिलनाडु	3.37 लाख
बंगाल	93 हजार

nwda.gov.in